# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रायबरेली जिले में आठ सौ उन्नयासी करोड़ रुपये से अधिक की लागत की तीन सौ छियालीस विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आवास विहीन परिवारों को आवासीय पट्टे के आवंटन–पत्र का वितरण भी किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने रायबरेली जिले के बदलते स्वरूप के बारे में चर्चा की।

**आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है मॉडर्न कोच फैक्ट्री अब तो रायबरेली की पहचान बन चुकी है।**

**25–26 में इस मॉडर्न कोच फैक्ट्री ने पिछले वर्ष 2,156 कोचिज का निर्माण किया। यह रिकॉर्ड प्रोडक्शन है। और पहली बार मई 2026 में भारत की प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप वंदे भारत ट्रेन बनी है, वंदे भारत का पूरा ट्रेन सेट का रोल आउट इसी मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली में बनी। अब रायबरेली का नाम न केवल उत्तर प्रदेश में, बल्कि देश के अंदर गौरव के साथ लिया जा रहा है।**

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने अट्ठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक, 'अवध केसरी' राना बेनी माधव बख्श सिंह की दो सौ बाइसवीं जयंती पर आयोजित 'भाव समर्पण समारोह' में भी हिस्सा लिया। रायबरेली जिले में ही हुए इस कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने राना बेनी माधव बख्श सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की।

**आज जिस स्वाधीनता का अनुभव भारत की 140 करोड़ की जनता जनार्दन कर रही है, इस आजादी के लिए हमें क्या कीमत चुकानी पड़ी थी? अनगिनत लोगों को अपना बलिदान देना पड़ा था। अनगिनत लोगों ने इसके लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था और उन्हीं नामों में एक महत्वपूर्ण नाम आता है अवध क्षेत्र में राणा बेनी माधव बख्श सिंह जी का। आपने देखा होगा अवध क्षेत्र में इस पूरे आंदोलन को उन्होंने एक नेतृत्व प्रदान किया। कुछ हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों को अपनी सेना का हिस्सा बनाकर के वे अंग्रेजों के खिलाफ लड़े थे।**

**********

सावन माह के आखिरी सोमवार पर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में आज सुबह से ही श्रद्धालु पवित्र शिवलिंग का दर्शन पूजन और जलाभिषेक कर रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में कावड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगातार भगवान शिव का जयघोष करते हुए जलाभिषेक कर रही है।

**सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को काशी हर–हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठी। हजारों भक्त रविवार रात से ही गंगा स्नान कर कतार में लग गए, जबकि कांवरिए बोल बम का जयघोष करते बाबा के दरबार की ओर बढ़ते रहे। मंदिर प्रशासन के अनुसार शाम तक लाखों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके थे। रात्रि में भोग–श्रृंगार आरती से पूर्व बाबा की रजत चल प्रतिमा गर्भगृह में विराजमान कर भव्य श्रृंगार किया जाएगा। आरती के बाद श्रद्धालु बाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

सावन के आखिरी सोमवार पर अयोध्या में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद नागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जौनपुर के त्रिलोचन महादेव मंदिर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रही है।

**********

रेलवे ने रेल नेटवर्क में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को लगातार स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

**********

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ पहुंचा। दौरे के पहले दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने लखनऊ के कॉल्विन तालुकदार कॉलेज के अवध सभागार में विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इससे पहले लखनऊ पहुंचने पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मीडिया से बातचीत की।

**उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के लिए संदेश देने के लिए आए हैं। खासतौर से हमारे बूथ लेवल ऑफिसर्स, जो कि लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं, उनको कुछ बात समझाने और उत्तर प्रदेश की जितनी यूनिवर्सिटीज हैं और जितने स्कूल्स हैं, वहाँ पर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और पूरी प्रक्रिया को समझाने के लिए भी यहाँ पर कार्यक्रम होंगे।**

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में छब्बीस अगस्त तक कहीं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********